The Newsletter of DAV SJVN Public School, Duttnagar (Shimla) Vol.2, JUNE– OCT.. 2024-2025

**"We are not what we know but what we are willing to learn ."**

# THE ORCHID

# DAV SJVN PUBLIC SCHOOL , DUTTNAGAR

**Volume 2 Issue 1**

**JUNE —OCT. (2024-25)**



## Principal's Message

Dear Students, Parents, and Staff,

As we embrace the post summer vacations activities,

I want to take a moment to reflect on the incredible journey we are on together at DAV Duttnagar. Each day brings new challenges and achievements, and it is inspiring to witness the dedication and resilience shown by our students and staff.

Education is not just about academic success; it is also about fostering a nurturing environment where every student feels valued and empowered. This year, we will continue to focus on building a strong school community and encouraging our students to pursue their passions, both in and out of the classroom.

I encourage every student to take advantage of the numerous opportunities available at our school. Whether participating in extracurricular activities, attending workshops, or engaging in community service projects, these experiences contribute to personal growth and development.

A special thank you to our parents and guardians for your continued support. Your involvement makes a significant difference in the lives of our students and the success of our programs. Let us work together to make this year the best one yet.

I look forward to all the wonderful things this semester has to offer. Let us embrace the challenges and celebrate our achievements together.

Warm Regards,

Dr. Mukta Chauhan

| Inside the issue | Page |
|---|---|
| Principal's Message | 1 |
| संपादकीय | 2 |
| FATHER'S DAY | 3 |
| INTERNATIONAL YOGA DAY | 4 |
| ENGLISH HINDI LITERARY CONCLAVE | 5 |
| INTER CLASS SKIT COMPETITION | 6 |
| KABIR JAYANTI CELEBRATION | 7 |
| INTER CLASS TRADITIONAL FOOD ACTIVITY | 8 |
| DAV ZONAL SPORTS EVENT | 9 |
| JANMASHTAMI CELEBRATION | 10 |
| INTER HOUSE TABLE SETTING COMPETITION | 11 |
| SANSKRIT DAY CELEBRATION | 12 |
| CELEBRATION OF INDEPENDENCE DAY | 13 |
| INTER HOUSE HINDI POEM COMPETITION | 14 |
| RUN FOR D. A. V. | 15 |
| CELEBRATION OF GANDHI JAYANTI | 16 |
| RAKHI AND CARDS MAKING COMPETITION | 17 |
| STUDEN'S CORNER | 18 |
| HINDI POEMS | 19 |



प्रिय पाठको,

हम आपके समक्ष 'द ऑर्किड' पत्रिका का नया अंक प्रस्तुत करते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव कर रहे हैं। इस पत्रिका में विद्यालय की अनेक गतिविधियों के साथ हमारे उभरते कवियों और लेखकों की कविताएं, उनके लेख और कहानियां की सुंदर अभिव्यक्ति है।

विद्यालय भविष्य के नागरिकों की निर्माण स्थली है। विश्व मंच पर भारतीय युवाओं को योग्य स्थान बनाने के लिए, हमें अपने छात्रों में नई विचारधारा और जीवन मूल्य विकसित करने हैं। छात्रों को भविष्य में आने वाली नई समस्याओं के कारगर समाधान खोजने और जीवन में तकनीक का सूझबूझ के साथ प्रयोग करने की कला सिखानी होगी। स्कूली शिक्षा में आज एक नया बदलाव आया है। नई शिक्षा नीति ने शिक्षण विधि को तकनीक से जोड़ कर, छात्रों की शिक्षा में रुचि और उनकी सीखने की क्षमता को भी बढ़ावा दिया है। हमारे विद्यालय में छात्रों को संतुलित अधिगम के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के मूल्यों से भी परिचित कराया जा रहा है। हमारे छात्रों में अनेक संभावनाएँ और प्रतिभाएँ निहित हैं, जिन्हें उभारने में हमारा स्कूल छात्रों को अनेक अवसर प्रदान करता है।

विद्यालय में हर क्षेत्र में अपना कला-कौशल दिखा कर नित नए सफलता के सोपानों को छूने वाले इन छात्रों का प्रयास सचमुच ही अद्भुत एवं सराहनीय है। यह विद्यालय शिक्षा का मंदिर होने के साथ-साथ विविध कलाओं का भी समन्वय स्थल है। यहां के विद्यार्थी हर क्षेत्र में आशातीत उन्नति कर रहे हैं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को इस अंक के माध्यम से आपके सामने प्रस्तुत करने का यह एक छोटा सा प्रयास है।

हमें आशा है कि आप 'द ऑर्किड' पत्रिका के माध्यम से विद्यालय की विविध गतिविधियों और छात्रों की उन्नति के विषय में जानकर गर्व अनुभव करेंगे।

मैं विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं अध्यापक वर्ग की विशेष आभारी हूं, जो विद्यालय के चहुँमुखी विकास के लिए निरन्तर प्रयासरत हैं और छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहे हैं।

सुजाता शर्मा<br>
संपादिका- द 'ऑर्किड'

# ‘फादर्स डे’



JUN E-OCT. (2024-25)

डी.ए.वी. एस.जे.वी.एन पब्लिक स्कूल, दत्तनगर में 15 जून, 2024 को ‘फादर्स डे’ के अवसर पर एक समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

समारोह की शुरुआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत सुंदर संगीत और समूह गान से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने जीवन में पिता की भूमिका और मार्गदर्शन पर अपने विचार व्यक्त किए I विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मुक्ता चौहान द्वारा ‘फादर्स डे’ के महत्व पर प्रकाश डाला और पिता के योगदान को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राथमिक कक्षा के छात्रों ने अपने-अपने पिता के लिए सुंदर कार्ड और उपहार तैयार किए।





# INTERNATIONAL YOGA DAY









International Yoga Day is celebrated worldwide every year on 21st June, emphasizing the physical, mental, and spiritual benefits of yoga. This year, DAV SJVN Public School, Duttnagar, organized a special event to mark this occasion and highlight the significance of yoga and mindfulness in our daily lives. Everyone participated with great enthusiasm, embracing yoga as a pathway to health and inner peace. The celebrations began early at 6:00 AM with students, teachers, and staff arriving at the school grounds to engage in a revitalizing yoga session. The morning activities were thoughtfully designed to promote the physical, mental, and spiritual well-being of all participants.

The event began with a motivational bhajans, setting a spiritual tone for the day. The soothing melody of the bhajan helped awaken a sense of tranquility and mindfulness among everyone. Participants gathered on the school grounds for a guided yoga session. Physical instructors led everyone through a series of asanas (yoga poses) and breathing exercises aimed at improving flexibility, strength, and mental focus.





# ENGLISH AND HINDI LITERARY CONCLAVE



*The Literary Conclave 2024-25 was a grand celebration of language, literature, and creativity. The event showcased a variety of literary and artistic activities, encouraging students to explore their linguistic and dramatic talents. Participants from different grades enthusiastically took part in the competitions, making the conclave a resounding success. Highlights of the Event were: Vedic Mantra Uchcharan, Self-Composed Poem, Natak,, Story Telling, Kavita ka Samuh Gaan, News Anchoring, Role Play in English and Hindi, Kahaani Vaachan, Panel - Discussion, Doha Gayan, Picture Discription, Elocution, English Song and Western Group Dance.*

*The Literary Conclave 2024-25 successfully nurtured the literary, linguistic, and dramatic abilities of students. It provided a platform for young minds to express themselves creatively and build confidence. The event not only promoted artistic expression but also fostered teamwork, critical thinking, and sheer love for literature.*






# INTER HOUSE SKIT COMPETITION



"Champions are not made in gyms, champions are made from something they have deep inside them a desire ,a dream, a vision." Skit competition does not only strengthen one's confidence to face the audience but also helps in developing awareness about our surroundings and the daily happenings. Students are the best messengers to spread the awareness of the social issues and their voice do leave an impact on one's mind.

To bring out the acting talent and to spread the awareness, an Inter House Skit Competition was held on Monday, 24 June, 2024 for the students of class III to V. The participants of Dayanand House were winner and the second position was grabbed by the participants of Shivaji House.

The students were able to portray their talent. They showcased energetic and enthusiastic performances which were applauded by all.





# कबीर जयंती



24 जून, 2024 को कक्षा नवीं 'ब' के छात्रों द्वारा महान संत और कवि कबीरदास जी की जयंती पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। छात्रों ने विद्यालय के सभागार में यह कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए, कबीर जी के आदर्शों , उनकी शिक्षाओं और उनके दोहों को प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम के आरंभ में छात्रों द्वारा कबीर जी के जीवन पर भाषण प्रस्तुत किया गया। कुछ छात्रों ने कबीर जी की साखियों का मधुर गायन प्रस्तुत कर, सबका मन मोह लिया। कक्षा नवीं की छात्राओं द्वारा कबीर की साखियों और सबद के साथ सुंदर नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। कक्षा नवीं के छात्रों ने कबीर जी की निर्भीकता, ईश्वर के प्रति भक्ति और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उनके संघर्ष को भी नृत्य एवं गायन द्वारा प्रस्तुत किया ।

इसके अतिरिक्त एक 'क्विज़ प्रतियोगिता' भी आयोजित की गई, जिसमें कबीर जी के आदर्शों , उनके कार्यों, उनके संदेशों को आज के परिप्रेक्ष्य से जोड़ते हुए प्रश्न पूछे गए, जिनका छात्रों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। इस कार्यक्रम ने छात्रों को कबीर दास जी के जीवन और उनके विचारों से रूबरू कराया और उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं को समझने एवं आत्मसात करने का अवसर प्रदान किया। छात्रों ने इस कार्यक्रम में बढ़- चढ़कर भाग लिया और इसे सफल बनाया।





# INTER CLASS TRADITIONAL FOOD ACTIVITY



*Food, in the end, in our own tradition, is something holy. It's not about nutrients and calories. It's about sharing. It's about honesty. It's about identity."*

*The students of classes 3rd to 5th had participated in Inter Class Traditional Food activity on 28th June 2024.Students were encouraged to share family recipes with a focus on traditional dishes.*
*A traditional food refers to dishes that are deeply rooted in a specific culture, passed down through generations, and typically made with locally sourced ingredients, often reflecting the region's climate and agricultural practices.*

*Purpose of a traditional food activity for kids is to help them learn and appreciate their cultural heritage through food, and can encourage healthy eating habits by introducing diverse food options. It also promotes the value of sharing among the students.*





# नेशनल स्पोर्ट्स का आगाज़



JUN-OCT. (2024-25)

## डी. ए० वी दत्तनगर में हुआ नेशनल स्पोर्ट्स का आगाज़

26 जून को डी. ए. वी. एस. जे. वी. एन. पब्लिक स्कूल, दत्तनगर के प्रांगण में डी० ए० वी० 'नेशनल स्पोर्ट्स कलस्टर' - VII लेवल टूर्नामैंट अंडर- 14,17,19 स्तर की छात्र एवं छात्राओं की तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। इस खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल विद्युत परियोजना बायल प्रमुख श्री विकास मारवा व सी० एम० ओ० डॉ० विवेक सुरीन, एच० ओ०डी० एच. आर श्री शैलेश दत्त और ए ओ डी (PSIT&C ) श्री रोशन कुमार उपस्थित रहे। इनके साथ डी० ए० वी० रिकाँगपिओ व सरस्वती नगर विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। इस खेल प्रतियोगिता के आरम्भ में छात्राओं द्वारा वेद मन्त्र नृत्य, ब्राजिल नृत्य व विभिन्न विद्यालयों के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। डी ०ए० वी० एस० जे०वी०एन० पब्लिक स्कूल दत्तनगर की प्राचार्या द्वारा समस्त विद्यालयों से आए हुए सभी खिलाड़ियों व शिक्षकों का अभिनन्दन व स्वागत किया। इस खेल प्रतियोगिता में सात विद्यालयों से एक हज़ार दस खेल प्रतिभागी उपस्थित रहे। इस खेल प्रतियोगिता में डी० ए० वी० रिकाँग पीओ, रामपुर, कुमारसैन, कोटखाई, चौपाल, सरस्वती नगर व दत्तनगर भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, टेबल टेनिस, ऐथलीट आदि खेलों का आयोजन किया गया।







# JANMASHTAMI CELEBRATION



August 24, 2024 celebrated as Janmashtami, the birth of Lord Krishna. This was celebrated with great pomp and festivity by the tiny tots of the pre primary section. Children were dressed in Radha Krishna attire. They gave a religious touch to the entire celebration. Students danced on the beats of Janmashtami songs and filled the air with joy and festive spirit. Students performed Krishna leela, dances on the bhajans that depicted the teachings of lord Krishna. The Janmashtami celebration in our school was a memorable and enlightening experience.

Janmashtami celebration signify values of love, devotion, wisdom and action, that Lord Krishna imparted through the Bhagvad Geeta.







# INTER HOUSE TABLE SETTING COMPETITION



"Measuring progress is often like watching grass grow. While it's difficult to detect movement on a daily basis, it's simple to see growth over time." - Frank Sonnenberg

On 9 August, 2024 an exciting Inter-House Table Setting Competition was held at DAV SJVN Public School, Duttnagar, bringing together all four houses in a friendly yet competitive atmosphere. The competition aimed to enhance student's understanding of table etiquettes and encourage them to appreciate the importance of grace and discipline in everyday social settings. Each house show-cased their creativity and attention to the detail, demonstrating a deep understanding of formal table setting. The participants, under the guidance of their house captains, displayed beautifully arranged tables, with an emphasis on proper placement of cutlery, glassware, napkins, and table decor. After careful evaluation by the judges, who considered criteria such as creativity, adherence to etiquette, and overall presentation. Dayanand House emerged as the proud winner of this competition. Their meticulous attention to detail and the elegance of their table setting set them apart from the other houses. This event was a resounding success, reinforcing the values of discipline, teamwork, and social grace among the students. It was a memorable experience for all participants and the lessons learned will surely contribute to their personal development and social interactions in the future. Congratulations to Dayanand House for their well-deserved victory!



# संस्कृत दिवस का आयोजन



संस्कृत हिंदी भाषा का मूल है, इसके व्यापक प्रचार प्रसार को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य के साथ डी.ए.वी. स्कूल, दत्तनगर में संस्कृत दिवस मनाया गया। संस्कृत दिवस हर वर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है।

डी.ए.वी. स्कूल, दत्तनगर में विश्व संस्कृत दिवस पर आठवीं कक्षा की छात्रा 'वाणी' ने सर्वप्रथम संस्कृत भाषा में प्रार्थना सभा में समाचार वादन एवं आठवीं कक्षा की छात्रा ओजस्वीनि ने संस्कृत भाषा में सुविचार प्रस्तुत किए। उसके बाद संस्कृत भाषा के महत्व पर आठवीं कक्षा की 'तन्वी' ने अपने विचार प्रस्तुत किए। आठवीं कक्षा के छात्रों ने श्लोकोच्चारण अर्थ सहित किया। वहीं, छात्रों ने 'ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी' देशभक्ति गीत संस्कृत भाषा में गाकर सबको मंत्रमुग्ध किया।

वास्तव में इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा के बारे में जागरुकता बढ़ाना और उसका प्रचार करना है। संस्कृत भाषा में ही हमारी संस्कृति और सभ्यता का मूल छिपा हुआ है। प्रधानाचार्या ने सभी छात्रों को संस्कृत दिवस की शुभकामनाएं दीं और सभी छात्रों से संस्कृत भाषा पढ़ने, लिखने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम का आयोजन आठवीं कक्षा की अध्यापिका श्रीमती सीमा निराला की देख रेख में किया गया। इस मौके पर स्कूल का शिक्षक वर्ग और गैर शिक्षक वर्ग भी मौजूद रहा।



# CELEBRATION OF INDEPENDANCE DAY



## स्वतंत्रता समारोह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

14 अगस्त , 2024 को डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, दत्तनगर के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया. इस अवसर पर कक्षा नवीं के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. कक्षा नवीं के छात्रों ने माइम , कविता , भाषण और देशभक्ति गीत के साथ नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का मन देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया. सबसे पहले देशभक्तों और उनके कार्यों एवं बलिदानों को याद किया गया, तदुपरांत 'माइम' की सुंदर प्रस्तुति ने छात्रों एवं अध्यापकों का मन मोह लिया तथा देशभक्ति का जज़्बा जगा दिया. इस मौके पर देश के शहीदों को श्रद्धांजलि देकर सभी विद्यार्थियों ने देश की उन्नति और रक्षा का प्रण लिया.





# INTER HOUSE HINDI POEM COMPETITION



## अंतर्सदनीय हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता

**डी. ए. वी. विद्यालय का सभागार लय, भावनाओं और प्रतिभागियों की वाक्पटुता से गूंज उठा क्योंकि बहुप्रतीक्षित हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता 11 अक्तूबर, 24 को बड़े उत्साह के साथ आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की वक्तृत्व कला और अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा देना था I साथ ही हिंदी साहित्य के प्रति उनके प्रेम को बढ़ावा देना था।**

**विभिन्न सदनों के प्रतिभागियों ने भावपूर्ण और विचारोत्तेजक कविताएँ प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रत्येक छात्र ने संपूर्ण भावनाओं के साथ कविता पाठ किया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।**

**वरिष्ठ वर्ग में दयानंद सदन की 'वृंदा' ने शानदार प्रदर्शन करके जीत हासिल की, जिसने निर्णायकों और दर्शकों दोनों को प्रभावित किया। कनिष्ठ वर्ग में शिवाजी सदन की 'वासवी' ने अपने उत्कृष्ट कविता पाठ से सभी का दिल जीत लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया।**









# RUN FOR D.A.V.



On the occasion of Gandhi Jayanti, DAV SJVN Public School organized the event "Run for DAV" on 2nd October 2024, for students from Class VII to XII, along with teachers and parents. The marathon aimed to promote fitness and unity within the school community while celebrating the spirit of Mahatma Gandhi.

Event Details:

Event Name: Run for DAV

Date: 2nd October 2024

Route: Duttnagar to Koyal

Categories:

2 km (Run for Fun) for all

5 km for students of Class VII-XII Students, teachers, and parents gathered early in the morning with great enthusiasm to participate in this health-promoting event. The marathon started at 7:00 AM sharp, with the 2 km "Run for Fun" open to all, and a special 5 km run for students from Class VII to XII.

List of Winners:

5 km,VI- XII (Boys)

1st - Aditya Shyam

2nd- Yougal Manta

3rd - Dhruv

2 Km VI- XII( Boys)

1st -Om Bhaluni

2nd- Vihan Kainthla

3rd-Abhishek Fagna

(Girls)

1st- Tanishka

2nd- Komal

3rd- Kavyanjli

The students participated with immense energy and dedication, made the "Run for DAV" marathon a grand success. Their collective spirit and commitment reflected the core values of the school and the message of Gandhi Jayanti.







# Gandhi Jayanti Celebration



On 2nd October, the students class VII A of DAV SJVN Public School, Duttnagar put on a wonderful celebration for Gandhi Jayanti in the school Ground. The day was marked with gaiety and enthusiasm on the auspicious occasion of the 154th birth anniversary of the Father of the Nation. The students presented a one-act play, dance performance, speech, and poetry, all carrying the profound messages of patriotism and the power of truth. The event was truly inspiring, and the student's efforts were deeply appreciated by everyone. Such celebrations plays a vital role in instilling Gandhiji's values in the younger generation, keeping his teachings alive.









# RAKSHA BANDHAN CELEBRATION

The rakhi itself is a symbol of protection. By tying a rakhi, sisters symbolize their prayers for their brother's safety and well-being. In return, brothers pledge to protect their sisters from harm and ensure their happiness. Primary section celebrated this festival with great interest. Rakhi making activity happens in each class. Students made hand made rakhi for their siblings to show their love. They show their creativity by making rakhi with craft material.

This festival spread Happiness everywhere.










# STUDENT'S CORNER





## सौंधी मिट्टी

सारे फूलों की कलियाँ यूँ खिल गईं,
धरती आकाश से मिल गई ।

सारे इत्रों की खुशबू कम पड़ गईं,
जो मिट्टी पर बारिश की बूँदें पड़ गईं।

पेड़ों के पत्तों पर बारिश की बूँदें टिक गईं,
चिड़िया दुकानों की खपरैलों में छिप गई।

सारे इत्रों की खुशबू कम पड़ गई,
जो मिट्टी पर बारिश की बूँदें पड़ गईं।

हर चेतन वस्तु ख़ुशी से भर गई,
महकी महकी हवाएं चलने लग गईं।

सारे इत्रों की खूश्बू कम पड़ गई,
जो मिट्टी पर बारिश की बूँदें पड़ गईं ।

शान्ति और स्थिरता की भावना चारों ओर
फ़ैल गई,
कोयल की कूक की गूँज वातावरण में समा
गई ।

सारे इत्रों की खुशबू कम पड़ गई,
जो मिट्टी पर बारिश की बूँदें पड़ गईं।

**वृंदा अग्रवाल**
**कक्षा 9वीं स**



## विचित्र ख्याल

क्या कभी आए हैं विचित्र ख्याल,
या मन में आतें थे अजीब सवाल?
जब हम छोटे थे,
क्या इन सब बातों के बारे में सोचते थे?

सोचा है क्या कभी कि बादलों के ऊपर
क्या स्वर्ग है?
या इस ज़मीन के नीचे क्या किसी
अजीब प्राणी का घर है?
क्या ब्रह्माण्ड में कहीं छुपा है किसी का जीवन?
क्या उन लोगों से हो पाएगा हमारा मिलन?

क्या इस जीवन में हम अंतरिक्ष घूम सकते हैं?
"हम हर रोज इन खयालों से थकते हैं!"
क्या कभी मन किया है कि घूमें हर गुफ़ा?
और ढूंढे समुद्र की गहराइयों में है क्या छुपा?

क्या सोचा कभी की पहाड़ से बादलों को हम
छू सकें?
और तारों को तोड़ के हम छुपा के रख सकें?
और क्या टी.वी. के पीछे से निकाल पाएँ
उन लोगों को?
और खेल पाएँ गीले रंगो से?

ये सोच के मन खुश होता है,
कि बचपन कितनी नादानी में बीता है,
ऐसे विचित्र ख्याल आते थे,
जो रातों की नींद को बड़ा सताते थे।
पर सोचती हूँ अब भी मैं कि ये सब चीजें
सच होती,
सोचते सोचते देखो मैंने एक कविता ही रच दी!!!!!

**यशिता शर्मा**
**कक्षा 8वीं "बी**

# STUDENT'S CORNER



‘सर्दियां’

सर्दियां! सर्दियों ने दरवाज़े पर यूँ
दस्तक दी,
मानो आई हो कोई पुरानी सहेली।
लाई घड़ा भरके यादों का,
है ये छैल - छबेली , अलबेली।
सर्दियां! सर्दियों ने दरवाज़े पर दस्तक
दी।।
क्या आने में तकलीफ़ हुई?
क्या लाई हो इस बार कहानियाँ
अनकही?
हँसते - हँसते सर्दियाँ खेलती रही,
मानो बह रही हो सुकून की नदी।
हवाएँ चली, पेड़ नाचे, पत्ते उड़ने लगे,
सर्दियाँ आई सर्दियाँ आई।
सर्दियां! सर्दियों ने दरवाज़े पर दस्तक
दी।।

- आर्ची पॉल , नवीं ‘स’

'Butterfly'

With wings carrying wonders
and mist in air.
Colours holding memories of
phases and
melodies of petals.
Unfurling wings like turning
seasons.
Flowing - growing with
summer's breeze to
winter's haze.
Jumping from one flower to
another like moving from
one page to another.
" From earth to air, death to
rebirth.
From a caterpillar to a
butterfly, surviving to
living."

By Aarchi Paul



# DAV SJVN, PUBLIC SCHOOL

# DUTTNAGAR




**Patron :**
DR. MUKTA CHAUHAN
Principal

**Editorial Board:**
Editor: Ms. Sujata Sharma
Content Design: Mrs. Pushap Lata, Mr. Susheel
- English Faculty Mrs.Suman Kanwar,Mrs. Nitima Chauhan,Mrs. Sapna Aggarwal, Mrs. Upasana Sharma.
- Hindi Faculty - Mrs. Seema Nirala, Mrs. Hemlata Chauhan.

***SUBSCRIPTION INFORMATION :*** *To* ***subscribe***
***THE ORCHID*** *E- Newsletter, which is free of cost, please visit www.davduttnagar.org and fill our subscription form. Or email your request us. neter.davrampur@gmail.com*

**Disclaimer:** This newsletter is copyright of DAV SJVN Public School Duttnagar Rampur, and any form of copying or selling the material contained there in is prohibited ,without prior written approval

Published By :
DAV SJVN,DUTTNAGAR

**"The best way to predict your future is to create it ."**